TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

# 2024

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 29 जुलाई

1. **अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस–** बाघ, बिल्ली के परिवार का सबसे बड़ा प्रजाति है। बाघ अपनी लम्बी लम्बी छलांगों और शक्ति के लिए जाना जाता है। इसके शरीर की धारीदार चितकबरी त्वचा के लिये इसका शिकार भी किया जाता रहा है। यही कारण है कि आज बाघों की संख्या विलुप्ति के कगार पर पहुँच गया है। आज पूरे विश्व में लगभग 6000 बाघ और भारत में लगभग 3900 बाघ ही शेष बचे हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाने की शुरूआत वर्ष 2010 में अंतर्राष्ट्रीय बाघ सम्मेलन सेंट पीट्सबर्ग, रूस से प्रारंभ हुआ। गौरतलब है कि बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है। (देखें: **4 सितम्बर**)
   - **संदर्भः पर्यावरण और हम भाग 3, अध्याय 11,** तथा **विज्ञान भाग 3, अध्याय 12 'पौधों और जन्तुओं को संरक्षण: जैव विविधता'**
2. **अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आई.ए.ई.ए.) की स्थापना–** 29 जुलाई, 1957 ई.को संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गयी। इसका उद्देश्य विश्व में परमाणु ऊर्जा का शांतिपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करना है। यह परमाणु ऊर्जा के सैन्य प्रयोग को किसी भी प्रकार रोकने में प्रयासरत रहती है।
3. **ईश्वरचंद्र विद्यासागर का निधन–** ईश्वरचंद्र विद्यासागर का निधन 29 जुलाई, 1891 ई. को कोलकाता में हुआ। वे प्रसिद्ध समाज सुधारक, शिक्षाविद् और स्वतंत्रता सेनानी थे। संस्कृत भाषा और दर्शन में अगाध पाण्डित्य के कारण विद्यार्थी जीवन में ही संस्कृत कॉलेज ने उन्हें 'विद्यासागर' की उपाधि प्रदान की थी। ने नारी शिक्षा के समर्थक थे। उनके प्रयास से कलकत्ता में कई बालिका विद्यालयों की स्थापना हुई। उनके ही प्रयासों से 1856 ई. में विधवा–पुनर्विवाह कानून पारित हुआ। उन्होंने बाल विवाह का भी विरोध किया।
   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 9 'महिलाओं की स्थिति में सुधार'** शीर्षक से जोड़कर बतायें।
4. **वर्ल्ड ओआरएस डे–** डिहाइड्रेशन या डायरिया के कारनण शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इससे लोगों की मृत्यु हो सकती है। शरीर में खनिज और पानी की पूर्ति के लिए ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्युशन) का इस्तेमाल किया जाता है। इसके इजाद के बाद इससे लाखों बच्चें और व्यस्कों की जिंदगी बचायी गयी है। इसके इस्तेमाल के जागरूकता के बारे में प्रतिवर्ष 29 जुलाई को 'वर्ल्ड ओआरएस डे' मनाया जाता है।
5. **जे. आर. डी. टाटा का जन्म–** आधुनिक भारत के बुनियाद रखने वाले जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा का जन्म 29 जुलाई, 1904 ई. को हुआ था। वे भारत के वायुयान उद्योग तथा अन्य उद्योगों के अग्रणी थे। वे दशकों तक टाटा ग्रुप के निदेशक रहे। भारत में इस्पात इंजीनियरींग, होटल, वायुयान और अन्य उद्योगों का विकास किया।

Monday


मधु प्रिया


# वर्ल्ड ओर.आर.एस डे 29 जुलाई

वर्ल्ड ओआरएस डे हर साल 29 जुलाई को ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट्स के महत्व को बताने के लिए मनाया जाता है। ओआरएस आमतौर पर उन लोगों को दिया जाता है जो डायरिया से पीड़ित हैं। क्योंकि यह शरीर में पानी की गंभीर कमी का कारण बनता है। इस मौके पर आप भी इस क्विज को खेलें और जानें कि आप इसके बारे में कितना जानती हैं। मौखिक पुनर्जलीकरण समाधान (ओआरएस) के महत्व को चिह्नित करने के लिए हर साल 29 जुलाई को विश्व ओआरएस दिवस मनाया जाता है। यह निर्जलीकरण के इलाज के लिए एक सस्ते और किफायती तरीके के रूप में कार्य करता है, जो विशेष रूप से बच्चों और वृद्ध लोगों को प्रभावित करता है। ओआरएस में इलेक्ट्रोलाइट्स और चीनी का एक संयोजन होता है जो निर्जलीकरण को रोकता या उलट देता है और खोए हुए लवण को बदल देता है। लाखों लोगों की जान बचाने में ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट (ओआरएस) के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल 29 जुलाई को विश्व ओआरएस दिवस मनाया जाता है। जो निर्जलीकरण और दस्त के खिलाफ लड़ाई में एक प्रभावी उपकरण के रूप में ओरल रिहाइड्रेशन थेरेपी (ओआरटी) के महत्व को पुष्ट करता है। बच्चों में निर्जलीकरण जीवन के लिए खतरा हो सकता है। विश्व ओआरएस दिवस लाखों लोगों की जान बचाने में ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट (ओआरएस) के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करता है।"भारत में, ओआरटी को 1960 के दशक के अंत में बांग्लादेश (तब पूर्वी पाकिस्तान) में डायरियाल रोग अनुसंधान के अंतर्राष्ट्रीय केंद्र के शोधकर्ताओं द्वारा हैजा के इलाज के लिए विकसित किया गया था।

# पुण्यतिथि विशेष 29 जुलाई

राकेश कुमार




**ईश्वर चन्द्र विद्यासागर** (अंग्रेज़ी: Ishwar Chandra Vidyasagar; जन्म- 26 सितम्बर, 1820, पश्चिम बंगाल; मृत्यु- 29 जुलाई, 1891, कोलकाता) भारत के प्रसिद्ध समाज सुधारक, शिक्षा शास्त्री व स्वाधीनता सेनानी थे। वे ग़रीबों व दलितों के संरक्षक माने जाते थे। उन्होंने स्त्री-शिक्षा और विधवा विवाह पर काफ़ी ज़ोर दिया।

# Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 29.07.2024

## कथात्मक पाठ

कथात्मक पाठ में किसी भी प्रकार का लेखन शामिल होता है जो घटनाओं की एक श्रृंखला से संबंधित होता है और इसमें कथा (उपन्यास, लघु कथाएँ, कविताएँ) और गैर-कथा (संस्मरण, आत्मकथाएँ, समाचार कहानियाँ) दोनों शामिल हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



लग्जरी वॉच ब्रांड **JACOB & CO.** ने एक ऐसी खूबसूरत और अद्भुत घड़ी पेश की है जो **राम मंदिर** से प्रेरित है। इस घड़ी का नाम है **'Epic X Ram Janmbhoomi Edition 1'**, जिसकी कीमत **34,00,000 रुपये** है।

समाचार स्रोत : दैनिक भास्कर

# TOB खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

## ओलम्पिक से

26 जुलाई से 11 अगस्त

पेरिस ( फ्रांस )

LIVE **पेरिस ओलिंपिक में भारत को पहला मेडल: मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज जीता, शूटिंग में मेडल दिलाने वाली पहली महिला**

**हार्दिक बधाई!**





पेरिस ओलिंपिक्स में भारतीय शूटर मनु भाकर ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। मनु ओलिंपिक के इतिहास में शूटिंग में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उन्होंने 221.7 पॉइंट्स हासिल किए।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## प्रसिद्ध उद्योगपति

# जहांगीर रतनजी दादाभाई

की जयंती पर सादर नमन।



29 जुलाई 1904 - 29 नवंबर 1993

www.teachersofbihar.org

Madhu priya



प्रसिद्ध दार्शनिक, लेखक

# ईश्वर चन्द्र विद्यासागर

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

26 सितंबर 1820-29 जुलाई 1891

www. teachersofbihar.org

Madhu priya




# अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी स्थापना दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

29 जुलाई

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



प्रसिद्ध उद्योगपति व भारत रत्न

# जे० आर० डी० टाटा

की जयंती पर सादर नमन



जन्म- 29 जुलाई 1904 - मृत्यु- 29 नवंबर 1993

Punita Kumari

www.teachersofbihar.org




पेरिस ओलंपिक 2024 में निशानेबाजी में कांस्य पदक

जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने पर

# मनु भाकर

को बहुत-बहुत बधाई

पुनीता कुमारी

पुण्यतिथि विशेष

29 जुलाई 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

एक मनुष्य का सबसे बड़ा कर्म दूसरों की भलाई और सहयोग होना चाहिए, जो एक संपन्न राष्ट्र का निर्माण करता है।

**ईश्वर चन्द्र विद्यासागर**

**( स्वतंत्रता सेनानी )**

जन्म: 26 सितंबर 1820 मृत्यु: 29 जुलाई 1891



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org